विश्व जल दिवस पर जेएसपीएल ने ग्रामीणों को बताया पानी का महत्व

भास्कर न्यूज | रायगढ़

जल है तो कल है के नारे को सार्थक बनाने सोमवार को विश्व जल दिवस पर जेएसपीएल फाउंडेशन द्वारा जल संरक्षण को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां लोगों को पानी की महत्ता के बारे में जानकारी दी गई और जल संरक्षण को लेकर संकल्प दिलाया गया।

विश्व जल दिवस के अवसर पर स्वच्छ पेयजल पानी टंकी के लिए दो गांवों में भूमि पूजन किया गया। इस दौरान कोसमपाली के सरपंच अनुसुइया मुकेश उरांव ने जेएसपीएल के सामाजिक कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम में मौजूद सीएसआर के उपमहाप्रबंधक शिशिर तरफ़दार ने पानी की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए पानी को बचाने की अपील की। इस दौरान ग्राम गोंटिया उप सरपंच विकास दर्शन, पंच गीता यादव, किरण चौहान, अनुसुइया भट्ट, गोबर्धन चौहान सहित बडी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।



कार्यक्रम में शामिल जेएसपीएल के कर्मचारी व ग्रामीण।

आज का भाव

24 कैरेट ₹ 4500